हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7

बढ़ते भारत की आवाज़





मिल्कियाना®

Balanced Cattle Feed

Presents

डॉ. हिमांशु द्विवेदी

प्रधान संपादक

हरिभूमि, आईएनएच

मा. रामविचार नेताम

कैबिनेट मंत्री- आदिम जाति विकास,
कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी,
मछली पालन एवं पशुधन विकास मंत्री

कृषि संवाद

Agriculture Conclave 2026



Saturday, 24 Oct 2026 | Time : 2.00 PM

Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

Health Partner

NABARD

aries agro limited

KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution

ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA

tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति

AVK™

ए.एन.आटोमोबाईल

AANDRAYA ENTERPRISES

खबर संक्षेप



मन जागृति अभियान के तहत हुआ मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

सूरजपुर। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित मन जागृति अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय के सभाकक्ष में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं सहयोगी संस्था सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, सिविल सर्जन डॉ. अजय मार्कम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ. राजेश पैकरा तथा मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित शर्मा ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, समय पर उपचार, परामर्श सेवाओं की उपलब्धता एवं मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने पर अपने - अपने विचार व्यक्त किए। मन जागृति अभियान के अंतर्गत 10वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, जिला जेल, विभिन्न कॉलेज बालक एवं बालिका छात्रावास, वृद्धाश्रम, अरुणोदय कोचिंग संस्थान, संगवारी, मितानिन कार्यक्रम सहित विभिन्न शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थाओं में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इनमें तनाव प्रबंधन, परीक्षा संबंधी चिंता, भावनात्मक संतुलन, आत्मविश्वास तथा मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में समय पर सहायता लेने के बारे में जानकारी दी गई।

शासकीय प्राथमिक शाला त्रिपुरेश्वरपुर में कराया गया न्योता भोज



रामानुजनगर। शासकीय प्राथमिक शाला त्रिपुरेश्वरपुर में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से न्योता भोज एवं कन्या भोज का आयोजन किया कराया गया। भोजन के पश्चात उपस्थित सभी बालिकाओं को कॉपी पेन,शीश पेन्शील कटर वितरण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के सम्मान, शिक्षा के महत्व तथा समाज में बेटियों के प्रति जागरूकता का संदेश देना रहा। इस अवसर पर अतिथियों ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, बेटियों को समान अवसर प्रदान करने तथा उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान सुकुल राम, रविनाथ तिवारी, विजय साहू, नीलम पटेल, श्रीमती सलोमी बखला, दिनेश दुबे, आकाश तिवारी, नवीन कुमार, श्रीमती सुषमा साहू, श्रीमती फूलमती, श्रीमती बतूल बेगम सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

विकासखंड सहायक शिक्षा अधिकारी ने कराया न्योता भोज



कुसमी। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी नंदकुमार गुप्ता ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में संकुल केंद्र घुटराडीह में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। न्योता भोज कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ जनप्रतिनिधि सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी सहित शिक्षकों द्वारा की गई सहभागिता। कार्यक्रम के दौरान नंदकुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों के साथ बैठकर भोजन किया गया। इस आयोजन ने बच्चों के बीच अपनत्व, समानता, सहयोग एवं सामुदायिक सहभागिता का संदेश दिया। न्योता भोज जैसे आयोजन विद्यालय और समाज के बीच संबंधों को मजबूत करने के साथ बच्चों में सामूहिकता एवं सद्भाव की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज,चन्द्र भूषण गुप्ता,जनपद अध्यक्ष कुसमी बसंती भगत, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक सोनी, सरपंच बिंदु सिंह, शिक्षक दीपक गुप्ता , देव साय भगत, इंद्रदेव निकुंज,सीजे प्रजापति सहित संकुल समन्वयक सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

वन अधिकार समिति में तीन नामांकित सदस्यों को किया गया प्रतिस्थापित

अम्बिकापुर। वन अधिकार अधिनियम, 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सरगुजा जिले में गठित जिला स्तरीय वन अधिकार समिति में तीन नामांकित सदस्यों को प्रतिस्थापित किया गया है। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों तथा भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप की गई है। शासन के निर्देशों के अनुसार नगरीय निकायों एवं शहरी क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के क्रियान्वयन के लिए नगर निगम अम्बिकापुर से प्राप्त नामांकित सदस्यों की सूची के आधार पर जिला स्तरीय वन अधिकार समिति में तीन सदस्यों को प्रतिस्थापित किया गया है। प्रतिस्थापित किए गए सदस्यों में डॉ. शिवमंगल सिंह एवं श्रीमती अनिता रविन्द्र गुप्त भारती को अनुसूचित जनजाति वर्ग से तथा श्रीमती किरण साहू को अन्य पिछड़ा वर्ग से सदस्य नामांकित किया गया है।

जबलपुर एवं शहडोल के अंजलि एंड ग्रुप की शानदार प्रस्तुति

मां दुर्गा पूजा समिति का भव्य जगराता, माता रानी के भजनों पर पूरी रात झूमे श्रद्धालु



जागरण कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नवरात्रि के पावन अवसर पर मां दुर्गा पूजा समिति बस स्टैंड के तत्वावधान में स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में भव्य जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जबलपुर एवं शहडोल से पहुंचे अंजलि एंड ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक देवी भजनों एवं मनमोहक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। वहीं दिल्ली से आए कलाकारों की आकर्षक झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया।

खास बात

- दिल्ली से आई आकर्षक झांकियों ने मोहा मन

जगराता कार्यक्रम के दौरान पूरा स्टेडियम ग्राउंड माता रानी के जयकारों और भक्ति गीतों से गूंज उठा। कलाकारों ने मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों का मनमोहक चित्रण करते हुए भजनों की अमृत वर्षा की। देवी गीतों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते-नाचते नजर आए। आकर्षक झांकियों और भक्तिमय प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया। पूरे नगर में भक्ति, आस्था और उल्लास का माहौल देखने को मिला। विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते पूरी रात माता रानी के दरबार में श्रद्धालुओं के साथ भक्ति में लीन नजर आईं। उन्होंने देवी भजनों पर भक्तों के साथ झूमकर माता रानी का गुणगान किया। इस दौरान विधायक ने स्वयं देवी भजन गाकर मां दुर्गा के स्वरूप एवं महिमा का वर्णन किया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से स्टेडियम ग्राउंड भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, अनमोल शर्मा, संरक्षक कमलेश गुप्ता, अरविंद जायसवाल, मुकेश अग्रवाल, नवीन सोनू जायसवाल, सूरज रजक, शुभम कश्यप, संजय जायसवाल, अंकित जायसवाल, आयुष अग्रवाल, सूर्या अग्रवाल, सुमित गुप्ता, सोनू कश्यप, मनीष तायल, सूर्या अग्रवाल, सहित समिति के सदस्यों का सक्रिय रहे।

भव्य गरबा-डांडिया महोत्सव रविवार को

नवरात्रि महापर्व के अवसर पर मां दुर्गा पूजा समिति बस स्टैंड द्वारा रविवार को स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में भव्य गरबा-डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं, युवाओं और बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। गरबा-डांडिया महोत्सव में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों के शामिल होने की संभावना को देखते हुए समिति द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई हैं। आयोजन को व्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने के लिए समिति के सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं।

दुर्गा पंडाल में पूजा अर्चना करने उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

अम्बिकापुर। शारदीय नवरात्रि पर्व पर शहर के दर्रीपारा मणिपुर में अनोखी सोच संस्था द्वारा पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की पूजा अर्चना करने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। शहर के मणिपुर, दर्रीपारा में प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी अनोखी सोच संस्था द्वारा शारदीय नवरात्रि पर भव्य पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की है। शारदीय नवरात्र को लेकर मां के भक्तों में काफी उल्लास है। सुबह शाम की आरती में मोहल्ले के विशाल जनसमूह के साथ पंडाल में मां दुर्गा की आरती करते है। साथ ही संस्था द्वारा हर रोज विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते है।





एसडीएम एवं दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालेश्वर राम द्वारा दुर्गा पूजा समिति के सभी पदाधिकारियों की बैठक एसडीएम कार्यालय में बुलाई गई। विगत दिन नायब तहसीलदार अनुग्रह केरकेट्टा द्वारा तहसील कार्यालय के सूचना पट्ट में लिखे गए अभद्र टिप्पणी को लेकर दुर्गा पूजा समिति के सभी पदाधिकारी सहित हिन्दू समाज के लोगों को आहत पहुंची थी। जिसे लेकर ज्ञापन सौंपा गया था।

दो दिवस का समय देते हुए नायब तहसीलदार का स्थानांतरण कुसमी से अन्यत्र जगह करने की मांग करते हुए स्थानांतरण नहीं होने पर नगर बंद , तहसील कार्यालय का घेराव, सहित हड़ताल करने की बात कही गई। इस बात पर विचार विमर्श करते हुए एसडीएम के समक्ष एक स्वर में सभी दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारीगण एवं हिन्दू समाज के लोगों द्वारा अनुग्रह केरकेट्टा का स्थानांतरण कुसमी से अन्यत्र जगह करने की मांग किया गया, जिसपर पहल करते हुए एसडीएम द्वारा इस विषय में वरिष्ठ अधिकारी से बात चित करने की बात कहते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार कार्रवाई करने की बात कही। दशहरा त्यौहार को शांतिपूर्वक त्योहार मनाने के लिए 20 अक्टूबर तक किसी भी प्रकार से नगर बंद, तहसील कार्यालय का घेराव एवं हड़ताल नहीं करने का निवेदन किया गया।

एसडीएम की बात को सभी हिन्दू समाज के लोग एवं दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों द्वारा 20 अक्टूबर तक किसी भी प्रकार से हड़ताल जुलूस नहीं करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही दुर्गा पूजा समिति के सभी पदाधिकारियों द्वारा 21 अक्टूबर तक नायब तहसीलदार अनुग्रह केरकेट्टा का कुसमी अनुविभाग से अन्यत्र जगह स्थानांतरण करने की मांग की गई। इस दौरान दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष जन्मजय सिंह, उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, राकेश भारती, राजेश्वर गुप्ता , बालेश्वर राम, समलेश्वरी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष यशवंत गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रदीप कश्यप , हरकेश भारती, मां भवानी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष विनय यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

जिले को मिली स्वास्थ्य सेवा की बड़ी सौगात, अब जरूरतमंदों के द्वार तक पहुंचेगा रेडक्रॉस इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को आम लोगों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अब चिकित्सा सुविधाओं से वंचित और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की जिला शाखा को डॉक्टर आपके द्वार मोबाइल मेडिकल यूनिट की सौगात मिली है। यह पहल उन परिवारों के लिए विशेष राहत लेकर आई है, जिन्हें इलाज के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शुरू की गई इस व्यवस्था से ग्रामीण अंचलों, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने की उम्मीद मजबूत हुई है।

- मोबाइल मेडिकल यूनिट से दूरस्थ अंचलों को मिलेगी राहत

जिला चिकित्सालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने डॉक्टर आपके द्वार एंबुलेंस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। मोबाइल मेडिकल यूनिट का उद्देश्य जरूरतमंदों को उनके नजदीकी क्षेत्र में चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को अधिक व्यापक बनाना है।कार्यक्रम में राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, विधायक भूलन सिंह मरावी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा, शिवनाथ यादव, रामकृपाल साहू, श्रीमती रेखा राजलाल राजवाड़े, श्रीमती स्वाति संत सिंह, श्रीमती कुसुमलता राजवाड़े, मनमत बछाड़, रितेश जायसवाल, दीपेंद्र सिंह चौहान, ओंकार पांडेय, श्रवण जैन, भोला प्रसाद अग्रवाल, हरिदास अग्रवाल, अनिल गोयल, थलेश्वर साहू, अशोक सिंह, संत सिंह, अजय श्याम सहित अन्य मौजूद रहे।



कलेक्टर के निरीक्षण में खुली विकास कार्यों की पोल, जनमन सड़क की गुणवत्ता पर भड़कीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और निर्माण कार्यों की जमीनी हकीकत जानने कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी ने विकासखंड शंकरगढ़ के ग्राम मानपुर, बेलकोना और पोड़ी सहित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान नल-जल योजना की बदहाल स्थिति, अधूरे कार्यों और प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बन रही सड़क की गुणवत्ता को लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बेलकोना के हरिगलेटा पहुंच मार्ग पर सड़क निर्माण की खराब गुणवत्ता सामने आने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और जिम्मेदार निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी करने की बात कही।

- बंद नल-जल योजना पर जताई नाराजगी
- हर घर तक पानी पहुंचाने और सड़क निर्माण में लापरवाही पर नोटिस देने के निर्देश



ग्रामीणों को घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित नल-जल योजना की समीक्षा के दौरान कुछ गांवों में योजना बंद होने और कुछ स्थानों पर काम अधूरा होने की स्थिति सामने आई। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बंद पड़ी योजनाओं को शीघ्र चालू किया जाए और अधूरे कार्यों को तत्काल पूरा कराया जाए। उन्होंने सभी घरों तक पानी पहुंचाने पर जोर देते हुए पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता से दुरुस्त करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत बेलकोना के हरिगलेटा गांव पहुंच मार्ग पर प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण करते समय कलेक्टर ने निर्माण की गुणवत्ता पर नाराजगी जताई। सड़क निर्माण में खराब गुणवत्ता को लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और जिम्मेदार निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप और गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराया जाए। सरकारी योजनाओं के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माणाधीन छात्रावास भवन तथा विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित विकास कार्यों की प्रगति का भी जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कार्यों की स्थिति की जानकारी लेते हुए लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने और निर्माण की गुणवत्ता पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। इस दौरान शंकरगढ़ एसडीएम अनमोल विवेक टोप्पो, जनपद पंचायत सीईओ वेद प्रकाश पांडेय, नायब तहसीलदार गजराज सिंह, कार्यक्रम अधिकारी प्रीति प्रियंका लकड़ा, परियोजना अधिकारी राहुल सिंह, आरईएस एसडीओ बसिल मिंज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार सवार चोरों ने ट्रक से पार किया 30 लीटर डीजल, ट्रक मालिकों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

अंबिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे 130 स्थित रेहान बिरयानी के सामने खड़े ट्रक से कार सवार चोरों ने 30 लीटर डीजल को पार कर दिया। घटना देर रात की बताई जा रही है। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही डीजल चोरी की घटनाओं को लेकर ट्रक मालिकों और नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है।

- नेशनल हाईवे-130 पर लगातार बढ़ रही डीजल चोरी की घटनाएं

जानकारी के अनुसार लखनपुर निवासी आलोक गुप्ता के ट्रक क्रमांक सीजी 14 एमएस 9101 का चालक संतोष कुमार वैष्णव बस स्टैंड में आयोजित जागरण कार्यक्रम में शामिल होने गया था। तड़के 3 बजे लौटने के बाद वह अपने ट्रक में सो रहा था। इसी दौरान चोरों ने ट्रक से करीब 30 लीटर डीजल चोरी कर लिया। दूसरे ट्रक चालक से जानकारी मिलने पर संतोष कुमार वैष्णव को चोरी की घटना का पता चला, जिसके बाद उसने तत्काल ट्रक मालिक को फोन कर इसकी सूचना दी। बताया जा रहा है कि कार सवार चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि लखनपुर में डीजल चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद लहपटरा टोल प्लाजा के पास भी ट्रकों से डीजल चोरी करने का प्रयास किया गया। हालांकि ट्रक चालक के उठ जाने के कारण चोर अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके।



लगातार हो रही चोरी से ट्रक मालिक परेशान

क्षेत्र में लगातार सामने आ रही डीजल चोरी की घटनाओं से ट्रक मालिकों और वाहन चालकों में चिंता बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि हाईवे किनारे खड़े वाहनों से डीजल चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन को ठोस कदम उठाने चाहिए। घटना की सूचना लखनपुर पुलिस को दी गई है।



गणित मेला में बच्चों ने स्टॉल लगाकर सिखाई गणित की अवधारणाएं

बलरामपुर। सरनाडीह संकुल केंद्र में संकुल के सभी प्राथमिक शालाओं ने मिलकर गणित मेले का आयोजन अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। जिसमें 126 बच्चे, 9 शिक्षक तथा सीएसी, सीआरसी और बीआरसीसी शामिल हुए। इस गणित मेले में संख्या पूर्व अवधारणा, संख्या ज्ञान, स्थानीय मान, जोड़ और घटाव, इबारती सवाल जैसी गणित की मुख्य अवधारणाओं पर ध्यान दिया गया। हर अवधारणा का अलग स्टॉल था, जिसे बच्चों ने स्वयं लगाया। मेलें में शामिल बच्चों एवं शिक्षकों को अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से वही अवधारणा सिखाने का प्रयास एवं एवं शिक्षकों को अपनी समझ साझा कर रहे थे। सभी विद्यालयों से आए हर बच्चे को हर स्टॉल पर विभिन्न अवधारणाओं को मजेदार तरीके से सीखने का एक अच्छा और आनंदमय अवसर प्राप्त हुआ। मेले में आए बीआरसी, सीआरसी, एवं सीएसी ने बच्चों का अवलोकन किया। साथ ही बच्चों ने भी सामने से उनसे अपने स्टॉल की अवधारणाओं के आधार पर प्रश्न किए, जो एक रोचक बात रही।

पृष्ठ 3 का शेष

300 मीटर की...

के लगातार शामिल होने से यात्रा की लंबाई बढ़ती गई। नवरात्र के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम ने धार्मिक परंपराओं के प्रति लोगों की आस्था और सामूहिक सहभागिता को प्रदर्शित किया। चुनरी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा और स्वागत के लिए भी विशेष पहल देखने को मिली। नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने पूर्वी नेपाल गेट के पास यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को मीठा एवं जल वितरित किया।

कई जगहों पर हुआ स्वागत- चुनरी यात्रा रोशन ओझा के मार्गदर्शन में निकाला गया। शारदीय नवरात्र के दौरान शिवपुर-चरचा में विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों द्वारा पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में दुर्गा पूजा समिति सुभाष नगर की ओर से पहली बार निकाली गई चुनरी यात्रा नगर में चर्चा का विषय बनी रही। इस आयोजन में महिलाओं एवं बच्चों की भागीदारी के साथ-साथ श्रद्धालुओं का स्वागत और जल वितरण जैसी सेवाभावी गतिविधियां भी देखने को मिलीं। सुभाष नगर से प्रारंभ होकर मिलनी क्लब दुर्गा पंडाल होते हुए हनुमान मंदिर प्रांगण तक पहुंची इस यात्रा ने नगर में नवरात्र की रौनक बढ़ा दी।

इलेक्ट्रिकल दुकान में...

दिया गया था तथा नकदी बाद में देने की बात कही गई थी। पुलिस टीम ने आरोपी की निशानदेही पर गवाहों के समक्ष कपड़े के थैले में छिपाकर रखा गया दो किलो तांबे का तार जब्त कर लिया। पर्याप्त साक्ष्य जुटाने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। मामले में टीआई ने स्पष्ट किया है कि मुख्य आरोपी पप्पू डाकू सहित फरार अन्य आरोपियों को भी जल्द सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। इस त्वरित कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले के नेतृत्व में पीएसआई भरत यादव, प्रधान आरक्षक नवीन, प्रधान आरक्षक प्रिंस एवं आरक्षक प्रदीप लकड़ा की सक्रिय भूमिका रही।

स्कूल परिसर में...

की मनमोहक, लयबद्ध प्रस्तुतियों की दिव्य ध्वनि से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यालय की नन्हीं बच्चियां रहीं, जो माता दुर्गा के नौ अलौकिक रूपों की वेशभूषा में सजी-धजी नजर आईं, जिन्हें देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो साक्षात देवियां धरा पर उतर आई हों। इस पवित्र अवसर पर बच्चों के भीतर छिपी रचनात्मकता को बाहर लाने के लिए पेंटिंग, ड्राइंग प्रतियोगिताओं, मां दुर्गा स्तुति श्लोक उच्चारणों का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने कला के माध्यम से सृष्टि की मूलाधार मां दुर्गा के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा और कलात्मक अभिव्यक्ति प्रकट की। रंग-बिरंगे पारंपरिक गरबा परिधानों में सजी बच्चियों और छात्रों ने जब संगीत की सुमधुर धुनों पर डांडिया और गरबा नृत्य प्रस्तुत किया, तो पूरा माहौल हर्षोल्लास और सकारात्मक ऊर्जा से भर गया। इस संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रूप से शिक्षिका सृष्टि सिंह, रितिका श्रीवास्तव, फरहीन, अंकित पांडे, साक्षी पांडे, रिचा, सहित अन्य शिक्षिकाओं ने अग्रिम पंक्ति में रहकर पूरे आयोजन का कुशल नेतृत्व किया। इस गरिमामयी अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या इंद्रा सेंगर ने सभी छात्र-छात्राओं को अपना स्नेहिल आशीर्वाद दिया और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

नवरात्रः महाष्टमी की...

की अपेक्षा पूजा पण्डालों में सबसे अधिक भीड़ जुटी रही। वही सप्तमी तिथि से शहर के फव्वारा चौक के पास के पण्डाल में माता की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना शुरू किया गया। जबकि शहर के अन्य स्थानों पर प्रतिपदा से ही घट स्थापना कर शक्ति के देवी की आराधना की जा रही है।

शहर में निकला गणेश जी का बारात- इन दिनों विभिन्न पूजा पण्डालों में भक्तिभाव के साथ माता रानी की श्रृंगार का विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जा रही है। इसी बीच षष्टमी तिथि को शहर के स्कूलपारा स्थित पूजा पण्डाल में भगवान गणेश जी का विवाह संपन्न कराया गया। इसके पूर्व स्कूलपारा के शिव मंदिर से भगवान का बारात बाजे गाते के साथ वाहन में निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालु बाराती के रूप में शामिल रहे।

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि
कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ने की पहल





खबर संक्षेप

सूरजपुर जिले के पर्यवेक्षक बने गुलाब

मनेन्द्रगढ़। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रव्यापी वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के सफल क्रियान्वयन एवं आयोजन के लिए जिलेवार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। इसी क्रम में पूर्व विधायक गुलाब कमरो को सूरजपुर जिले का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। यह अभियान लोकतंत्र की रक्षा, मताधिकार की सुरक्षा तथा निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। अभियान के द्वितीय चरण में 10 से 20 अक्टूबर तथा तृतीय चरण में 25 अक्टूबर से 25 नवंबर 2026 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



मरघट की जमीन के सौदे पर कोर्ट का सख्त रुख

मनेन्द्रगढ़। शासकीय मरघट मद की जमीन की कथित खरीद-बिक्री और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने के मामले में प्रथम अपर सत्र न्यायालय मनेन्द्रगढ़ ने मेडिकल संचालक प्रमोद कुमार अग्रवाल को बड़ा झटका दिया है। न्यायालय ने उनकी ओर से प्रस्तुत अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया। जमानत आवेदन निरस्त होने के बाद पुलिस ने प्रकरण में नामजद दोनों आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। मामला प्रार्थी बृजेश कुमार की लिखित शिकायत से जुड़ा है। शिकायत के आधार पर 26 सितंबर 2026 को थाना मनेन्द्रगढ़ में अपराध क्रमांक 226/2026 दर्ज किया गया था। प्रकरण में प्रमोद कुमार अग्रवाल, चिंतामणि यादव और तत्कालीन पटवारी लालनमन सिंह नेताम के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468 एवं 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। अभियोजन के अनुसार, शासकीय मरघट मद की भूमि के एक हिस्से की खरीद-बिक्री से संबंधित दस्तावेज तैयार किए गए। सिटी कोतवाली थाना मनेन्द्रगढ़ के प्रभारी विवेक पटेल के अनुसार, प्रकरण में प्रमोद कुमार अग्रवाल और तत्कालीन पटवारी लालनमन सिंह नेताम की तलाश की जा रही है। दोनों के फरार होने के चलते पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश देने के साथ मामले से जुड़े दस्तावेजों की भी जांच कर रही है।

लेटरल एंट्री चयन के लिए आवेदन 22 तक

अंबिकापुर। नवोदय विद्याय में प्रवेश 2027–28 के लिए आवेदन की तिथि बढ़ा दी गई है। अब प्रवेश के लिए छात्र-छात्राएं 22 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते है। जारी आदेश के तहत नवोदय विद्यालय समिति ने शैक्षणिक सत्र 2027–28 के लिए कक्षा 9वीं और 11वीं में प्रवेश हेतु लेटरल एंट्री चयन परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 22 अक्टूबर कर दी है। इसके तहत ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया 1 सितंबर से शुरू हुई थी और आवेदन सुधार विंडो 23 से 25 अक्टूबर तक खुला रहेगा। जिन अभ्यर्थियों ने पहले ही ऑनलाइन आवेदन कर दिया है वे 23 से 25 अक्टूबर तक निर्धारित सुधार विंडो में अपने आवेदन में श्रेणी, लिंग, क्षेत्र और दिव्यांगता में सुधार कर सकेंगे।

सड़क दुर्घटना में गंभीर युवक की गई जान

अम्बिकापुर। लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम गुमगरा कला निवासी अक्ष्य कुमार साहू आ. रामाशंकर साहू (20 वर्ष) 14 अक्टूबर को दोस्त दिनेश यादव के साथ बाइक से घूमने निकला था। शाम 6 बजे परिजन फोन किए तो युवक ने ग्राम बिनकरा में बाइक का पंचर बनवाने की बात बताई। कुछ समय बाद 7.30 बजे तीन युवक ने अक्ष्य के घर आकर परिजन को बताया कि अक्ष्य का एक्सीडेंट हो गया है। इसी बीच गांव के गोलू साहू ने अक्ष्य को घायल अवस्था में उसके घर छोड़ा। युवक की तबीयत ज्यादा बिगड़ जाने पर परिजन उसे संजीवनी 108 से लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

पुष्पवर्षा कर यात्रा का जगह-जगह स्वागत, धूमधाम से मनाई जा रही नवरात्रि

300 मीटर की निकली चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

- उमड़ा आस्था का सैलाब

शारदीय नवरात्र के अवसर पर नगर पालिका शिवपुर-चरचा में दुर्गा पूजा समिति सुभाष नगर के तत्वावधान में पहली बार भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एवं बच्चे पीले वस्त्र धारण कर शामिल हुए। मां दुर्गा के प्रति श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ निकली इस यात्रा में 300 मीटर लंबी चुनरी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही।

सुभाष नगर से शुरू हुई यात्रा में जैसे-जैसे विभिन्न वार्डों की महिलाएं जुड़ती गईं, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती गई और यात्रा लगभग आधा किलोमीटर लंबी कतार में तब्दील हो गई। नगर के विभिन्न स्थानों पर चुनरी यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। पूरे मार्ग में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला। शारदीय नवरात्र के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक आयोजन का शुभारंभ शिवपुर-चरचा के सुभाष नगर स्थित दुर्गा पूजा पंडाल से हुआ। दुर्गा पूजा समिति सुभाष नगर की ओर से आयोजित इस यात्रा में महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्रद्धालु 300 मीटर लंबी चुनरी लेकर मां दुर्गा की आराधना करते हुए नगर के मुख्य मार्ग की ओर आगे बढ़े। पीले वस्त्रों में सजी महिलाओं की लंबी कतार ने यात्रा को विशेष आकर्षण प्रदान किया। सुभाष नगर से यात्रा आगे बढ़ने के साथ ही विभिन्न वार्डों की महिलाएं भी इसमें शामिल होती चली गईं। देखते ही देखते श्रद्धालुओं की कतार लगभग आधा किलोमीटर लंबी हो गई।





नगरवासियों में चुनरी यात्रा को लेकर उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया और श्रद्धालुओं के प्रति सम्मान प्रकट किया। पहली बार आयोजित इस चुनरी यात्रा ने शारदीय नवरात्र के दौरान नगर के धार्मिक वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया। चुनरी यात्रा के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं का स्वागत पुष्पवर्षा के साथ किया गया। 300 मीटर लंबी चुनरी के साथ पीले वस्त्रों में चलती महिलाओं की कतार लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। यात्रा में महिलाओं एवं बच्चों की बड़ी संख्या में भागीदारी ने आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया। नगर के मुख्य मार्ग से गुजरती चुनरी यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। विभिन्न वार्डों से महिलाओं ⏭शेष पेज 2 पर

इलेक्ट्रिकल दुकान में चोरी का खुलासा, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

किरोड़ीमल पेट्रोल पंप के समीप व आत्मानंद स्कूल के पास स्थित 'एस.आर. इलेक्ट्रिकल' में हुई सनसनीखेज चोरी की वारदात का मनेन्द्रगढ़ पुलिस ने पदार्फाश कर दिया है। थाना प्रभारी विवेक पाटले की सक्रियता और रणनीति के चलते पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वारदात में शामिल एक आरोपी को दबोच लिया है, जबकि गिरोह के सरगना समेत तीन अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।



नई सब्जी मंडी निवासी प्रार्थी धरमू राजभर (58 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके भतीजे संदीप राजभर की मोटर वाइंडिंग व बिजली उपकरण मरम्मत की दुकान है। प्रार्थी इलाज कराने रायपुर गया हुआ था। इसी दौरान 8 अक्टूबर की रात अज्ञात चोरों ने दुकान को निशाना बनाते हुए सब्बल से शटर उखाड़ दिया और भीतर रखा करीब एक क्विंटल पुराना तांबे का तार व गल्ले से 50 से 60 हजार रुपये नकदी पार कर दिए। 9 अक्टूबर की सुबह जब पड़ोसी की सूचना पर परिजन पहुंचे, तब चोरी का खुलासा हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने स्वयं घटनास्थल का मुआयना कर सख्त निर्देश दिए थे। इसके बाद थाना प्रभारी विवेक पाटले ने मामले की कमान अपने हाथों में ली और बीएनएस की धाराओं 331(4) व 305(ए) के तहत अपराध दर्ज कर जांच की दिशा तय की। टीआई ने मुखबिरों के नेटवर्क को सक्रिय करने के साथ साइबर सेल को अलर्ट पर रखा। सटीक सूचना मिलते ही टीआई के निर्देश पर पुलिस टीम ने वार्ड क्रमांक 22 निवासी संदेही जीवन केरकेट्टा उर्फ बिट्टू को हिरासत में लिया। थाना प्रभारी के नेतृत्व में जब कड़ाई से पूछताछ हुई, तो संदेही टूट गया और उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वारदात की मुख्य योजना 'पप्पू डाकू' और उसके दो अन्य साथियों ने बनाई थी। घटना के वक्त आरोपी जीवन बाहर खड़े होकर निगरानी (रेकी) कर रहा था, जबकि पप्पू डाकू और उसके साथियों ने सब्बल से शटर तोड़ा और चोरी को अंजाम दिया। वारदात के बाद आरोपियों ने माल आपस में बांटा, जिसमें जीवन को हिस्से के रूप में करीब दो किलो तांबे का तार ⏭शेष पेज 2 पर

स्कूल परिसर में सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन



मनेन्द्रगढ़। विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी विद्यालय के परिसर में आश्विन मास के पावन शारदीय नवरात्रि के अलौकिक अवसर पर एक अत्यंत भव्य, दिव्य एवं गरिमामयी सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन संपन्न हुआ। इस पावन वेला में विद्यालय के ऊजार्वान विद्यार्थियों, कर्तव्यनिष्ठ शिक्षिकाओं एवं सजग अभिभावकों के त्रिवेणी संगम ने भारतीय सनातन संस्कृति के अनुपम एवं सतरंगी आयामों को जीवंत कर दिया। संपूर्ण विद्यालय परिसर जगत जननी माँ दुर्गा, आद्याशक्ति मां भगवती और त्रिलोक तारिणी माँ जगदम्बा की अनन्य भक्ति, अगाध श्रद्धा तथा डांडिया व गरबा ⏭शेष पेज 2 पर

अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई, 8 वाहन जब्त

अम्बिकापुर। जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में 14 एवं 15 अक्टूबर को खनिज अमले द्वारा अंबिकापुर एवं सीतापुर क्षेत्र में वाहनों की जांच की गई। इस दौरान बिना अभिवहन पास के खनिज रेत एवं ईंट का परिवहन करते पाए जाने पर तीन टिपर और पांच ट्रैक्टर सहित कुल आठ वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज परिवहन करते पाए जाने पर तीन टिपर वाहनों को जब्त कर कलेक्टर परिसर अंबिकापुर में रखा गया है, जब्त वाहनों में सीजी 15 ईके 4164 टीपर वाहन मालिक अभिषेक वर्मा, सीजी 15 ईके 2457 वाहन मालिक सुमित गुप्ता, सीजी 15 डीएन 7006 वाहन मालिक सी.पी. शुक्ला शामिल है। वहीं, पांच ट्रैक्टरों के खिलाफ अवैध खनिज परिवहन का प्रकरण दर्ज कर उन्हें जप्त कर सीतापुर थाना परिसर में अभिरक्षा में रखा गया है, जिसमें सीजी 15 एसी 1242 ट्रेक्टर वाहन मालिक चन्द्रमणी सिंह, महेन्द्रा शोल्ड ट्रेक्टर वाहन मालिक अर्जुन यादव, सोनालिका शोल्ड ट्रेक्टर वाहन मालिक शंकर खलखो, महेन्द्रा शोल्ड लाल ट्रेक्टर वाहन मालिक दाउत लकड़ा, महेन्द्रा शोल्ड लाल ट्रेक्टर वाहन मालिक अर्जुन यादव शामिल है।

चरचा-कटगोड़ी सड़क निर्माण की मांग, मुद्दा गरमाया

चरचा कॉलरी। कोरिया जिले के नगर पालिका शिवपुर-चरचा क्षेत्र में चरचा-कटगोड़ी सड़क निर्माण का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग पूरी नहीं होने से नाराज स्थानीय व्यापारीगण और नागरिक अब अपनी मांग को लेकर मुखर हो गए हैं।

चरचा के विकास, आवागमन की सुविधा और क्षेत्र के भविष्य से जुड़े इस मुद्दे पर चरचा बचाव मंच एवं व्यापारी संघ ने आवाज बुलंद करते हुए आगामी दिसंबर में होने वाले नगर पालिका चुनाव के बहिष्कार का संदेश दिया है। इस संबंध में जारी पोस्टर में पहले सड़क, फिर वोट का नारा देते हुए स्पष्ट किया गया है कि सड़क निर्माण की मांग पूरी नहीं होने पर चुनाव में भागीदारी का विरोध किया जाएगा। चरचा बचाव मंच की ओर से जारी पोस्टर में चरचा-कटगोड़ी सड़क की बदहाल स्थिति को दशार्ते हुए संबंधित विभागों, जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों का ध्यान वर्षों से लंबित इस समस्या की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया गया है। मंच का कहना है कि जब तक क्षेत्र की मूलभूत समस्या का समाधान नहीं होता, तब तक विकास के दावों का स्थानीय लोगों के लिए कोई विशेष अर्थ नहीं रह जाता। सड़क निर्माण की मांग को लेकर उठाई गई यह आवाज अब केवल आवागमन की समस्या तक सीमित नहीं है, बल्कि चरचा के अस्तित्व, स्थायित्व और भविष्य से भी जुड़ गई है।



■ चरचा बचाव मंच और व्यापारी संघ ने नपा चुनाव बहिष्कार का किया ऐलान

चरचा-कटघोड़ी सड़क निर्माण का मुद्दा कोई नया नहीं है। स्थानीय स्तर पर मिली जानकारी के अनुसार, लगभग 20 वर्ष पहले इस सड़क के निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई थी, लेकिन वन विभाग की ओर से रोक लगाए जाने के बाद निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ सका। मंच और स्थानीय व्यापारियों का आरोप है कि राजनीतिक दबाव और विभिन्न अड़चनों के चलते सड़क निर्माण की योजना आज तक धरातल पर पूरी नहीं हो पाई है।

चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

दिसंबर में प्रस्तावित नगर पालिका चुनाव को देखते हुए चरचा-कटगोड़ी सड़क निर्माण का मुद्दा चर्चा में आ गया है। चरचा बचाव मंच के पोस्टर में चुनाव बहिष्कार का संदेश देकर यह स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है कि स्थानीय लोग सड़क निर्माण की मांग को लेकर अब ठोस पहल चाहते हैं। पहले सड़क, फिर वोट के नारे के माध्यम से मंच ने राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधियों के सामने सड़क निर्माण को लेकर अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट करने की चुनौती रखी है।

वोट चोरी के विरोध में जनकपुर में कांग्रेस की पदयात्रा

जनकपुर। अभा कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कथित वोट चोरी के विरोध में शुक्रवार को जनकपुर में कांग्रेस ने पदयात्रा रैली निकाली। कोटाडोल तिराहे से शुरू हुई पदयात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंची। यहां कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओ ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर नवपदस्थ एसडीएम प्रदीप राठिया को ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने की मांग उठाई। पदयात्रा का नेतृत्व भरतपुर-सोनहत के पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अंकुर प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के विरोध में अपनी आवाज उठाई और निष्पक्ष निर्वाचन व्यवस्था की मांग की। कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने कहा कि लोकतंत्र में मताधिकार की महत्वपूर्ण भूमिका है और चुनाव प्रक्रिया पर जनता का विश्वास बनाए रखना आवश्यक है। इसी मुद्दे को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय आह्वान पर जनकपुर में पदयात्रा आयोजित की गई। रैली के समापन पर एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग रखी गई। कांग्रेस नेताओं ने चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम से पूर्व आयोजित बैठक में 22 लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी नेताओं ने नए सदस्यों का स्वागत किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों को संगठन से जोड़कर पार्टी की गतिविधियों को आगे बढ़ाने की बात कही गई। पदयात्रा और सदस्यता कार्यक्रम को लेकर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं में सक्रियता देखने को मिली। पदयात्रा और ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रवि प्रताप सिंह, अवधेश सिंह, राम नरेश पटेल, संजीव कुमार गुप्ता, रामू सिंह, विनीत सिंह, देवेंद्र पाण्डेय, मनोज राय, धर्मेंद्र शर्मा, अमोल सिंह, जयमंती सिंह, सुनीता सिंह, सैम बाई, निशा बैगा आदि उपस्थित रहे।



दुर्गोत्सव के बीच विसर्जन की तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिले में तीन दिनों तक चलने वाले दुर्गोत्सव की शुरूआत शनिवार से उत्साह और भक्ति के वातावरण में हो गई। नवरात्रि के समापन के बाद अब शहर सहित जिलेभर में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन और विभिन्न धार्मिक आयोजनों को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं।

पूजा पंडालों में सुबह से देर रात तक धार्मिक अनुष्ठान, आरती और भक्ति कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में इस वर्ष लगभग 50 स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। जैन मंदिर चौक, फुहारा चौक, विवेकानंद चौक, श्रीराम मंदिर मैदान, रेलवे स्टेशन के सामने, रेलवे इंस्टीट्यूट, सरोवर मार्ग, बस स्टैंड के नीचे, काली मंदिर रोड, झगराखंड रोड, आमाखेरवा मैदान एवं रोड, पुरानी बस्ती, सूरभि पार्क, खेड़िया टॉकीज के पीछे, भगत सिंह तिराहा सहित अनेक स्थानों पर आकर्षक पूजा पंडाल सजाए गए हैं। इन पंडालों में विशेष विद्युत सजावट और धार्मिक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। श्री शीतला माता की मढ़िया, आमाखेरवा रोड स्थित श्री दुर्गा धाम और नई लेदरी के छोटे सिद्ध बाबा धाम में भी विशेष धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

मां दुर्गा के विशेष श्रृंगार के साथ पूजा समितियां धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित कर रही हैं।

तीन दिनों तक चलेगा उत्सव

दुर्गोत्सव के अगले तीन दिन शहर के लिए विशेष उत्साह से भरे रहने वाले हैं। पूजा पंडालों में दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। शाम होते ही शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और पूजा स्थलों पर लोगों की आवाजाही बढ़ने लगी है। परिवार के साथ लोग अलग-अलग पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन कर रहे हैं। उत्सव को देखते हुए पूजा समितियों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्थाएं की गई हैं। वहीं, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था बनाए रखना भी प्रशासन और पुलिस के लिए चुनौतीपूर्ण रहेगा।

महागौरी का हुआ भव्य श्रृंगार, जगह-जगह कन्या भोज का आयोजन

नवरात्रः महाष्टमी की पूजा आज, माता को चढ़ेंगे 56 भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शारदीय नवरात्र की आज अष्टमी तिथि को माता के अष्टम स्वरूप मां महागौरी रूप की भव्य श्रृंगार कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जाएगी।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां महागौरी की आराधना करने से भक्तों के सभी कष्ट दूर होते है तथा जीवन में सुख शांति और एश्वर्य का आगमन होता है। वही कल सोमवार को महानवमी के अवसर पर माता के नवे स्वरूप मां सिद्धीदात्री रूप की पूजा अर्चना की जाएगी। माता के इस स्वरूप में सभी प्रकार की सिद्धियां समाहित है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इनकी कृपा से भगवान शिव को अर्द्धनारिश्वर स्वरूप की प्राप्ति हुई थी महानवमी के दिन नवरात्रि व्रत का पूर्ण विधि विधान के साथ समापन होता है और इस दिन कन्या पूजन का आयोजन भी किया जाता है। इसके पूर्व शनिवार को माता के सप्तम स्वरूप की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई।

सप्तमी तिथि को शहर के पूजा पण्डालों में श्रद्धालुओं की जमकर भीड़ रही, यह क्रम नवमीं तिथि तक रहेगा। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्षा शारदीय नवरात्र के अंतिम तीन दिनों में सबसे अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा पण्डालों में माता के दर्शन के लिए जुटती है। इस वर्ष भी शनिवार को अन्य दिनों ⏭शेष पेज 2 पर



कन्या पूजन कर लिया आशीर्वाद

शारदीय नवरात्र के सप्तमी तिथि को लोगों ने अपने घरों में कन्या पूजन का आयोजन किया गया। इसी तरह नवरात्रि की अष्टमी तिथि को आज भी कई श्रद्धालुओं द्वारा कन्या पूजन किया जाएगा और नवमी तिथि को भी यह पूजन होगा। लोग अपने घरों और मंदिरों में कन्याओं जिन्हे माता का रूप माना जाता है को आमंत्रित कर उनका चरण धोकर आदर सत्कार करते है तथा उन्हे हलवा पूरी, खीर और अन्य तरह के प्रसाद खिलाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते है।

गरबा डांडिया की शहर में धूम

शारदीय नवरात्र के दौरान जहां माता के विभिन्न रूपों की प्रतिदिन विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जा रही हे और देवी दर्शन के लिए परिवार सहित लोग मंदिरों एवं पूजा पण्डालों में जुट रहे है वही इन दिनो विभिन्न पूजा पण्डालों में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है, वही शहर में गरबा डांडिया की धूम मची है। शहर के रामनुज मिनी स्टेडियम में बीते 16 अक्टूबर से तीन दिवसीय गरबा महोत्सव कार्यक्रम में बडी संख्या में महिला एवं पुरूष थिरक रहे है। इसके अलावा अन्य जगहों पर भी गरबा कार्यक्रम आयोजित किए गए जहां उत्साह के साथ लोगों की भीड़ जुट रही है।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने मिलेगा अवसर

मनेन्द्रगढ़। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के दिशा-निर्देशानुसार जिला एमसीबी में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है।

जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रं. 1 भरतपुर-सोनहत एवं 2 मनेन्द्रगढ़ की मतदाता सूची को अद्यतन कर त्रुटिरहित बनाने की कार्रवाई की जाएगी। इस पुनरीक्षण कार्यक्रम की अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 निर्धारित की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पात्र युवाओं, मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे नागरिकों तथा अन्य पात्र व्यक्तियों को मतदाता सूची में शामिल करना है। इसके साथ ही मतदाता सूची में दर्ज त्रुटियों को दूर कर अधिक शुद्ध एवं अद्यतन सूची तैयार की जाएगी। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण 2 नवंबर तक किया जाएगा। इसके बाद 12 नवंबर 2026 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। प्रारूप सूची के प्रकाशन के साथ ही 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराई जा सकेंगी। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निराकरण 28 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा। सभी आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 4 जनवरी 2027 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

खबर संक्षेप

तबीयत बिगड़ने से गंभीर युवक की संदिग्ध हालत में मौत

अम्बिकापुर। अचानक तबीयत बिगड़ने से गंभीर हुए युवकी निजी अस्पताल में मौत हो गई। युवक की संदिग्ध हालत में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम खमररिया नुनेरा निवासी भुनेश्वर आ. स्व. देवशरण राम (26 वर्ष) 14 अक्टूबर को शरीर में सूजन हो गया और घर पर ही था। इधर परिजन सूजन अपने आप कम हो जाने की आशंका पर इलाज नहीं कराया और रात में भोजन कर सो गए लेकिन भुनेश्वर सांस लेने में परेशानी होने पर सो नहीं सका। दूसरे दिन युवक की तबीयत अचानक ज्यादा खराब हो गई और खून का उल्टी करने लगा। परिजन शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया तो परिजन दूसरे निजी अस्पतला में उपचार कराने लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

स्कूल में चौथी बार समर्सिबल पंप की चोरी, रिपोर्ट दर्ज



बिश्रामपुर। ग्राम जयनगर में संचालित शासकीय आजाक हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में लगे मोटर पंप को अज्ञात चोरों ने बीती रात चोरी कर लिया है,स्कूल प्रबंधन द्वारा थाना में दिए गए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि बीती रात अज्ञात चोरों ने स्कूल प्रांगण में स्थित मोटर पंप का ढक्कन तोड़कर समर्सिबल पंप पार कर दिया है। गौरतलब है कि विद्यालय में पहले भी तीन बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं,लगातार हो रही वारदातों से विद्यालय प्रबंधन की चिंता बढ़ गई है। गुरुवार की सुबह विद्यालय पहुंचने पर देखा गया कि अज्ञात चोरों द्वारा बोरवेल का ढक्कन टूटा हुआ मिला और उसमें लगा समर्सिबल पंप गायब था। इसके बाद विद्यालय प्रबंधन को चोरी की जानकारी हुई। बार-बार शैक्षणिक संस्थान को निशाना बनाया जाना विद्यालय की संपत्ति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता का विषय बन गया है।

आग से झुलसी महिला की उपचार के दौरान मौत

अम्बिकापुर। भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम कसकेला निवासी वंदना देवांगन पति सुरेन्द्र देवांगन (36 वर्ष) गुरूवार की दोपहर कीचन में खाना बना रही थी जबकि पति घर के बाहर टहल रहा था। महिला किचन में सब्जी काट रही थी तभी दुपट्टा में आग पकड़ लेने से आग की चपेट में आ गई। आग से जलने पर महिला शोर मचाने लगी। किचन से पत्नी की चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर पति तत्काल मौके पर पहुंचा तो देखा पत्नी का शरीर आग लपटों में घिरा हुआ था। पति ने तत्काल कंबल से ढक कर किसी तरह आग बुझाई और घटना की जानकारी पत्नी के भाई सहित परिजन को देने के पश्चात उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

विराजी मां दुर्गा...



चेरवापारा बैकुंठपुर में विराजी मां दुर्गा।



भगत सिंह तिराहा मनेन्द्रगढ़ में विराजमान माँ दुर्गा।

आरएएमपी योजना के तहत निर्यात कार्यशाला

स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ने की पहल

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने के उद्देश्य से जिला स्तरीय निर्यात जागरूकता एवं प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। भारत सरकार की राइजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में मिलेट्स आधारित खाद्य उत्पाद, जीरा फुल राइस एवं सोन हनी के उत्पादकों के साथ महिला स्व-सहायता समूहों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन सीएसआईडीसी रायपुर के माध्यम से च्वाइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया।

एपीईडीए प्रतिनिधि ने दी निर्यात प्रक्रिया की जानकारी कार्यशाला में एपीईडीए के प्रतिनिधि आनंद कुमार ने निर्यात की प्रक्रिया और कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात में एपीईडीए की भूमिका के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों को आयातक-निर्यातक कोड, एचएस कोड, उत्पाद वर्गीकरण, निर्यात दस्तावेजीकरण, कमर्शियल इनवॉइस, पैकिंग लिस्ट, शिपिंग बिल और सर्टिफिकेट ऑफ ओरिजिन सहित आवश्यक प्रक्रियाओं से अवगत कराया।



प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान

कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने निर्यात पंजीकरण, आवश्यक दस्तावेजों, उत्पाद गुणवत्ता, पैकेजिंग और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच बनाने से जुड़े सवाल पूछे। एपीईडीए प्रतिनिधि आनंद कुमार ने प्रश्नोत्तर सत्र में उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यशाला के अंत में अतिथियों, अधिकारियों, चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों, डीपीएम केवीके टीम और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में उत्पादों की पहचान बनाने के लिए गुणवत्ता मानकों का पालन, आकर्षक पैकेजिंग, सही लेबलिंग और प्रभावी ब्रांडिंग पर ध्यान देना जरूरी है। साथ ही संभावित खरीदारों तक पहुंच बनाने और बाजार की मांग के अनुरूप उत्पाद तैयार करने के संबंध में मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विनय कुमार टेगर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ प्रबंधक प्रांजल तिग्गा एवं सहायक प्रबंधक देवेंद्र कुमार गुप्ता भी शामिल हुए। चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से जिला अध्यक्ष शारदा गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष अजय गुप्ता, प्रदेश महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा एवं वरिष्ठ सदस्य राधेश्याम जायसवाल ने सहभागिता की। कार्यशाला का आयोजन एवं समन्वय च्वाइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की मास्टर ट्रेनर एवं जिला समन्वयक आकांक्षा जायसवाल ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को आरएएमपी योजना, निर्यात संबंधी प्रक्रियाओं और व्यवसाय विस्तार के अवसरों के बारे में जानकारी दी। साथ ही उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग और अंतरराष्ट्रीय बाजार की आवश्यकताओं को समझते हुए कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के आयोजन में डीपीएम तरुण रघुवंशी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। उनके माध्यम से महिला स्व-सहायता समूहों से संपर्क स्थापित कर मिलेट्स आधारित उत्पाद बनाने वाली महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित की गई।

सलगवांकला में रावण दहन 20 को

पूजा पंडालों में विधि-विधान से हो रही पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



श्री श्री 108 श्री नवदुर्गा पूजा समिति सलगवांकला सोनहत में इस वर्ष भी आदिशक्ति मां दुर्गा व अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा पूजा पण्डाल में स्थापिता कर प्रथम दिवस से विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जा रही है इस दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे है। यहां के दुर्गा पूजा पण्डाल में अंचल के ग्रामीण भक्तजन काफी संख्या में प्रतिदिन माता के दर्शन एवं पूजा अर्चना के लिए जुट रहे है वही प्रतिदिन भोग भण्डारा का कार्यक्रम भी बीते 15 अक्टूबर से चल रहा है।

श्री श्री 108 श्री नवदुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष संदीप जायसवाल ने बताया कि ग्राम सलगवांकला में बीते 11 अक्टूबर प्रतिपदा तिथि को विशाल कलश यात्रा के साथ देवी मूर्ति की स्थिापना कर मां शैलपुत्री रूप की पूजा की गई। इसके बाद प्रतिदिन पूजा पण्डाल में पूजन आरती का कार्यक्रम चल रहा है। इसी क्रम में कल नवमी तिथि को सुबह हवन पूजन शाम आरती पश्चात जगराता कार्यक्रम रात्रि 9 बजे से आयोजित किया जाएगा। श्री जायसवाल ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में जगराता की टीम जबलपुर की है जिसमें हिमेश राज, सपना राज अपनी प्रस्तुती देंगे साथ ही आकर्ष झांकी भी देखने को मिलेगा। ग्राम सलगवांकला सोनहत में आगामी 20 अक्टूबर को विशाल रावण के पुतले का दहन कार्यक्रम रात्रि 8 बजे निर्धारित है। इसके पश्चात रात्रि 9:30 बजे लकी ड्रा किया जाएगा। इसके बाद रात्रि 10 बजें सामुहिक डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई है।

बचपन प्ले स्कूल में नवरात्रि और दशहरे की धूम



मनेंद्रगढ़। स्थानीय बचपन प्ले स्कूल में नवरात्रि एवं दशहरे के पावन अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने आकर्षक वेशभूषा में मां दुर्गा की आराधना की तथा श्रीराम दरबार की मनमोहक झांकी प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के डायरेक्टर ज्योति तामकार, आशी कक्कड़ एवं तोषी अग्रवाल ने माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की काउंसलर सोनाली दास ने बच्चों को विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करवाई और उन्हें सत्य, ईमानदारी एवं सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। बच्चों ने रंग-बिरंगी पारंपरिक पोशाकों में गरबा और डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर उत्सव की रौनक बढ़ाई। दशहरे के अवसर पर राम-रावण युद्ध और रावण दहन की कथा को नाट्य रूप में प्रस्तुत किया गया। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को संदेश दिया गया कि असत्य कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः विजय सत्य की ही होती है। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के महत्व को समझा। स्कूल की शिक्षिका मंजू दत्ता ने बच्चों को संबोधित करते हुए भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने तथा सदैव सत्य और ईमानदारी के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को मिठाई और प्रसाद वितरित किया गया। शिक्षिकाओं ने भी गरबा नृत्य प्रस्तुत कर उत्सव को यादगार बनाया।

पनिका समाज का 26वां स्थापना दिवस मना



बैकुण्ठपुर। छत्तीसगढ़ साकत पनिका समाज का 26वां स्थापना दिवस 16 अक्टूबर को छिंदडांड़ न्यायालय के पास आयोजित किया गया। संभागीय संयोजक सत्यनारायण गोयन और जिलाध्यक्ष शुकुल प्रसाद के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में समाज के शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक विकास के साथ पनिका समाज के संवैधानिक अधिकारों और परंपराओं के संरक्षण पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में भारत का संविधान, केंद्रीय प्रावधानों से संबंधित पुस्तक, भारत एवं मध्यप्रदेश के राजपत्र, पारंपरिक पनिका आचार संहिता, नियमावली संशोधन पुस्तक सहित विभिन्न दस्तावेजों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। समाज के संस्थापक डॉ. जेआर साकत, प्रदेश अध्यक्ष वंशधारी सांवरे, युवा प्रेरणास्रोत थानू बघेल और सरगुजा संभाग के संरक्षक रामधन देवांगन के मार्गदर्शन का उल्लेख करते हुए वक्ताओं ने समाज के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। स्थापना दिवस समारोह में गुलाब पनिका, अहिबरन बघेल, रामकृष्ण, कृष्ण कुमार, हीरालाल, बच्चा लाल, उजित प्रसाद, प्रवीण कुमार, सूरज लाल, संजय कुमार, बालकृष्ण, सीताराम, गुरु दत्त और विनोद कुमार सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे। मातृशक्ति की ओर से श्रीमती गोयन एवं श्रीमती सोनामती सहित अन्य महिलाओं ने भी सहभागिता की।

अवैध लकड़ी परिवहन पर वन विभाग की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज : धौरपुर

पिकअप समेत 4 नग साल चिरान जब्त



लुंड्रा में अवैध लकड़ी परिवहन पर वन विभाग की टीम ने न सिर्फ कार्रवाई की बल्कि पिकअप समेत 4 नग साल चिरान को जब्त किया है। वन विभाग की टीम रीरीगढ़ पहाड़ से अवैध रूप से लकड़ी परिवहन किए जाने की सूचना पर पहुंची थी। हालांकि टीम को देख कर लकड़ी तस्कर मौके पर ही वाहन को छोड़कर फरार हो गए।

लुंड्रा वन क्षेत्र में अवैध लकड़ी परिवहन के खिलाफ वन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। बीती रात भी क्षेत्र में गश्त कर रहे वन विभाग की टीम को सूचना मिली कि रीरीगढ़ पहाड़ क्षेत्र से पिकअप वाहन में साल की लकड़ी के चार नग चिरान का अवैध परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच पिकअप और लकड़ी को जब्त कर लिया। टीम कार्रवाई कर रही थी तभी मौका पा कर सवार वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। मामले में वन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जब्त लकड़ी की अनुमानित कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई जा रही है। इस संबंध में आईएफएस एवं एसडीओ कुणाल मिश्रा ने बताया कि आरोपी गाड़ी छोड़कर भाग गए हैं। मामले में प्रकरण दर्ज कर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में लुंड्रा वन विभाग की टीम रही मौजूद। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए पिकअप वाहन सहित साल की लकड़ी के चार नग चिरान जब्त किए। मामले में वन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2026 के अंतर्गत साक्षात्कार की समय-सारणी जारी

अम्बिकापुर। संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर द्वारा पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा 2026 के अंतर्गत शोध उपाधि में प्रवेश हेतु साक्षात्कार की विषयवार समय-सारणी जारी कर दी गई है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा 18 सितंबर 2026 को कुल 25 विषयों में आयोजित की गई थी। परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रावीण्य सूची तैयार कर विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित की गई है। इसके अतिरिक्त नेट,सेट,गेट के माध्यम से प्रवेश परीक्षा से छूट प्राप्त अभ्यर्थियों की विषयवार सूची भी वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है।

729 अभ्यर्थियों को किया गया आमंत्रित

विश्वविद्यालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, पीएच.डी. प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण तथा नेट/सेट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों सहित कुल 729 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया है। पीएच.डी. कार्यक्रम में प्रवेश हेतु सभी विषयों को मिलाकर सीटों की संभावित संख्या 448 निर्धारित की गई है। जारी समय-सारणी के अनुसार, साक्षात्कार का आयोजन 30 अक्टूबर से 4 नवंबर 2026 तक निर्धारित विषयवार तिथियों में प्रातः 9:30 बजे से किया जाएगा। साक्षात्कार का आयोजन विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग, न्यू नगर निगम भवन के समीप, अम्बिकापुर (छत्तीसगढ़) में होगा। साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित हों तथा अपने समस्त मूल शैक्षणिक दस्तावेजों और उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ उपस्थित रहें। इसके साथ ही, प्रत्येक अभ्यर्थी को अपनी शोध रुचि के अनुरूप एक संभावित शोध प्रस्ताव तैयार करके साक्षात्कार बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।

नवरात्र में उमड़ती है श्रद्धालुओं की भीड़

बड़की माई मंदिर में मूर्ति की नहीं बल्कि मां के स्वरूप खड़ग व नगाड़े की होती है पूजा

हरिभूमि न्यूज : शंकरगढ़

सरगुजा संभाग में कई देवी व देव स्थल है जहां प्राचीन काल के देवी देवताओं की मूर्ति है जिसे श्रद्धालु परंपरा अनुसार न सिर्फ नियम का निवर्हन कर रहे है बल्कि विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करते है। अधिकांश देव व देवी स्थल में प्राचीन देवी देवताओं की मूर्ति को पूजते है लेकिन विकासखंड शंकरगढ़ के ग्राम चलगली तप्पा स्थित बड़की माई मंदिर में प्रतिमा की नहीं बल्कि देवी मां के स्वरूप में प्राचीन खड़ग और नगाड़ा को लाखो श्रद्धालु अपनी जागृत आराध्य मानकर पूजते हैं।

क्षेत्रवासी कहते हैं कि मां बड़की माई सचमुच जागृत देवी हैं। सच्चे मन से आने वाले भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है। यहां भूत-प्रेत, नजर-बदर, रोग और विपत्तियां मां के दरबार में आते ही



दूर हो जाते हैं। कई मौकों पर लोगों ने देवी की चमत्कारिक महिमा प्रत्यक्ष देखी है। बेसरापाठ से रात्रि में नगाड़ों की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई देती है। नवरात्रि में कपाट खुलते ही मां की कृपा से असंख्य चमत्कार होते हैं। जो एक बार मां की शरण में आ जाता है, माँ उसे कभी निराश नहीं करतीं। मां बड़की माई सामाजिक समरसता की जीती-जागती मिसाल हैं। इस मंदिर का मुख्य पुजारी जनजाति समाज का बैगा होता है। शारदीय नवरात्रि की पंचमी तिथि को कपाट खुलने पर सबसे पहले एससी जनजाति के नगाड़ची द्वारा देवी स्वरूप नगाड़े का नया कलेवर चढ़ाया जाता है। फिर राजपरिवार के मुखिया द्वारा नगाड़ा को मंदिर में वापस लाया जाता है प्रथम पूजा-अर्चना की जाती है और संपूर्ण राजपरिवार भक्ति भाव से इसमें शामिल होता है। इसके बाद मुख्य बैगा पुजारी विधि-विधान से पूजा जारी रखते हैं। स्थानीय लोग और जनजातीय समाज के सदस्य भी पूरे समर्पण और उत्साह से माँ की सेवा में जुट जाते हैं।

मंदिर की स्थापना एक अद्भुत घटना से जुड़ी है

उदयपुर धर्मजगढ़ रियासत के राजा बिंदेश्वरी शरण सिंह देव के पुत्र लाल बहादुर भागवत प्रसाद सिंह देव जो सरगुजा महाराजा रघुनाथ शरण सिंह देव के चचेरे भाई थे, उनको ज्ञात हुआ कि देवी बेसरापाठ, बीजाडीह जमड़ी में विराजमान हैं वो वहां पहुंचे। जब यह बात सरगुजा दरबार तक पहुंची तो महाराजा रामानुज शरण सिंह देव हाथियों के साथ देवी स्वरूप नगाड़ा और खड़ग को लाने निकले। लौटते समय चलगली गांव में एक पीपल वृक्ष के पास हाथी बैठ गए। कई प्रयासों के बावजूद जब हाथी आगे नहीं बढ़े, तब इसे मां की इच्छा मानकर वर्ष 1918 में उसी स्थान पर देवी की स्थापना कर दी गई।



